Sarvadharma Sabha Organised

St. Montfort School, Patel Nagar, Bhopal organized Sarvadharma prayer service on 1st October 2024 in its special morning assembly on the auspicious occasion of Gandhi Jayanti. The Vice Principal of the school, Rev. Bro, Greygory Ba was welcomed and greeted by Sanju Mewar sir, Scout & Guide Incharge.

According to the tradition, the program was inaugurated by lighting of the lamp by the Vice Principal, Coordinator Sister Jainy, Sister Chaitanya, Mrs. Jyoti Nair, Mrs. Meenakshi Sharma and Miss Sangeeta Hasija followed by garlanding the pictures of Mahatma Gandhi and the second Prime Minister of India, Shri Lal Bahadur Shastri.

Since 2nd October is also the birthday of Shastri ji. Thus, the birthdays of both the great leaders were celebrated together with great pomp.

First of all, with the morning chanting, Saraswati Vandana and other songs based on unity in diversity, an amazing peace was felt in the courtyard. Along with this, prayers of different religions were sung by the students of the school. The tones of all the prayers may be different but the feelings of all were the same.

With these unified feelings, a unique, amazing and immense peace spread all around in the atmosphere. After that Lalima Sipaha Ma'am described the inspiring incidents of Mahatma Gandhi and Lal Bahadur Shastri in her speech. The school's coordinator Mrs. Jyoti Nair also addressed the prayer meeting.

This entire program was organised by Scout Leader Mr. Sanju Mewar and Guide Leader Mrs. Kiran Koge and was well coordinated by Mrs. Lalima Sipahi. Towards the end, Scout Leader Mr. Sanju Mevade expressed his gratitude towards all and the program concluded with the national anthem.

Krishna Kapil

सर्वधर्म प्रार्थना कार्यक्रम

2024-25

दिनांक 1 अक्टूबर 2024 को सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय भोपाल पटेल नगर में गांधी जयंती के पावन अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के उप प्राचार्य जी को संजू मेवाड़े जी द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

परंपरा अनुसार उप प्राचार्य जी कोऑर्डिनेटर सिस्टर जैनी , सिस्टर चैतन्या, श्रीमती ज्योति नायर ,श्रीमती मीनाक्षी शर्मा एवं मिस संगीता हसीजा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही महात्मा गांधी जी एवं भारत के दूसरे प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया।

चूंकि 2 अक्टूबर को शास्त्री जी का भी जन्म दिवस है। इस प्रकार दोनों महानायकों का जन्म दिवस एक साथ धूमधाम से मनाया जाता है।

प्रार्थना ईश्वर तक पहुंचने का सशक्त साधन है। प्रार्थना किसी भी धर्म की हो वह ईश्वर से हमारा साक्षात्कार करवाती है। ऐसे ही वसुधैव कुटुंबकम एवं विश्व बंधुत्वं की भावना से सराबोर प्रार्थना सभा प्रारंभ की गई। सर्वप्रथम प्रातः स्मरण सरस्वती वंदना एवं अनेकता में एकता से भरे हुए गीतों से प्रांगण में एक अद्भुत शांति को महसूस किया गया । साथ ही विद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न धर्मों की प्रार्थनाएं गाई गईं। जैसे:-बौद्ध धर्म, क्रिश्चियन धर्म, हिंदू धर्म, इस्लाम धर्म, जैन धर्म एवं सिक्ख धर्म। सभी प्रार्थनाओं के स्वर भले ही अलग हों किंतु भाव सभी के एक ही हैं। इन्हीं एकीकृत भावनाओं से वातावरण में अनुपम ,अद्भुत एवं अपार शांति की छटा बिखर गई। तत्पश्चात शिक्षिका लालिमा सिपाहा ने अपने भाषण में महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के प्रेरक प्रसंगों का वर्णन किया।

विद्यालय की कोऑर्डिनेटर श्रीमती ज्योति नायर मेम ने प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए सभी को गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती की बधाई दी। साथ ही प्रार्थना से जुड़ी ईश्वरीय शक्ति का सबको आभास कराया .और स्वच्छता के विषय में विशेष जानकारी दी।

इस संपूर्ण कार्यक्रम को स्काउट लीडर श्रीमान संजू मेवाड़े एवं गाइड लीडर श्रीमती किरण कोगे और श्रीमती लालिमा सिपाहा के मार्गदर्शन में गति प्रदान की गई।

अंत में स्काउट लीडर श्री संजू मेवाड़े जी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित उप प्राचार्य जी, कोऑर्डिनेटर सिस्टर जैनी, सिस्टर चैतन्या,श्रीमती ज्योति नायर मैम , मीनाक्षी मैम एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया। अंत में शांति के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

धन्यवाद

रेखा श्रीवास्तव